मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-578**
**10/11/2023**

# मुख्यमंत्री ने विकास भवन के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत बेसमेंट पार्किंग, बाहरी आवरण एवं नये चतुर्थ तल का किया उद्‌घाटन, विश्वेश्वरैया भवन के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य के अन्तर्गत बेसमेंट पार्किंग का भी किया उद्‌घाटन

पटना, 10 नवम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने विकास भवन के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत बेसमेंट पार्किंग, बाहरी आवरण एवं नये चतुर्थ तल का उद्‌घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने विकास भवन के नवनिर्मित बेसमेंट पार्किंग का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्‌घाटन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित 'जीविका दीदी की रसोई' का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। 'जीविका दीदी की रसोई' का उद्‌घाटन करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने विकास भवन के नये चतुर्थ तल का उद्‌घाटन किया और निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री विकास भवन के छत पर भी गये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छत पर सोलर प्लेट लगायें। विकास भवन की चहारदीवारी को और ऊँचा करें। परिसर में साफ–सफाई की पूरी व्यवस्था रखें। सभी चीजों को व्यवस्थित ढंग से रखें, ताकि विकास भवन परिसर का बाहरी दृश्य भी खूबसूरत दिखे। मुख्यमंत्री ने विकास भवन में उद्योग विभाग के 'इन्वेस्ट बिहार' की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य के अन्तर्गत बेसमेंट पार्किंग का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्‌घाटन किया।

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संदीप पौंड्रिक, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री राहुल कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपुस्थित थे।

*****